पत्र सूचना शाखा

(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)

सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मुख्यमंत्री से सिंगापुर के उच्चायुक्त ने शिष्टाचार भेंट की

दोनों पक्षों के बीच उ0प्र0 और सिंगापुर के मध्य निवेश, कौशल विकास, आधारभूत संरचना तथा सांस्कृतिक सहयोग को और सुदृढ़ करने पर सार्थक चर्चा हुई

उ0प्र0 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के मंत्र के साथ देश की सबसे तीव्र गति से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी बनकर उभरा : मुख्यमंत्री

सिंगापुर एक विश्वस्तरीय आर्थिक एवं तकनीकी साझेदार

राज्य सरकार निवेशकों को सुरक्षित, पारदर्शी एवं उद्योग–अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध

औद्योगिक कॉरिडोर, डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर, एक्सप्रेस–वे नेटवर्क तथा मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स हब निवेशकों को वैश्विक स्तर की सुविधाएँ उपलब्ध करा रहे

प्रदेश सरकार औद्योगिक निवेश, शहरी विकास, लॉजिस्टिक्स, स्किल डेवलपमेण्ट तथा पर्यटन के क्षेत्रों में सिंगापुर के साथ दीर्घकालिक और परिणामोन्मुखी सहयोग के लिए तत्पर

सिंगापुर की तकनीकी दक्षता और उ0प्र0 की विशाल सम्भावनाओं का समन्वय दोनों पक्षों के लिए पारस्परिक लाभ का मार्ग प्रशस्त करेगा

मुख्यमंत्री जी के सिंगापुर दौरे ने सिंगापुर व आस–पास के देशों के औद्योगिक जगत में उ0प्र0 के प्रति सकारात्मक और भरोसेमन्द संदेश दिया : उच्चायुक्त, सिंगापुर

औद्योगिक समुदाय उ0प्र0 को एक नए अवसर और सम्भावनाओं के केन्द्र के रूप में देख रहा

सिंगापुर द्वारा प्रदेश के युवाओं के कौशल विकास (स्किलिंग) के क्षेत्र में सहयोग की सम्भावनाओं पर कार्य किया जा रहा

पर्यटन क्षेत्र में सम्भावनाओं को आकार देने पर सहमति

प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की जा रही, जिससे उ0प्र0 के संतुलित एवं समावेशी विकास को और गति मिलेगी

सिंगापुर के उच्चायुक्त ने मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में विगत 09 वर्षों में प्रदेश में कानून–व्यवस्था, आधारभूत संरचना एवं औद्योगिक विकास के क्षेत्र में हुए व्यापक सुधारों की प्रशंसा की

लखनऊ : 02 अप्रैल, 2026

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से आज यहाँ उनके सरकारी आवास पर सिंगापुर के उच्चायुक्त श्री साइमन वॉन्ग ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों पक्षों के बीच उत्तर प्रदेश और सिंगापुर के मध्य निवेश, कौशल विकास, आधारभूत संरचना तथा सांस्कृतिक सहयोग को और सुदृढ़ करने पर सार्थक चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के मंत्र के साथ देश की सबसे तीव्र गति से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी बनकर उभरा है। राज्य सरकार निवेशकों को सुरक्षित, पारदर्शी एवं उद्योग–अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। बेहतर कानून–व्यवस्था, आधुनिक आधारभूत संरचना, सुदृढ़ कनेक्टिविटी तथा कुशल मानव संसाधन उत्तर प्रदेश को निवेश का सर्वोत्तम गंतव्य बनाते हैं। प्रदेश में विकसित हो रहे औद्योगिक कॉरिडोर, डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर, एक्सप्रेस–वे नेटवर्क तथा मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स हब निवेशकों को वैश्विक स्तर की सुविधाएँ उपलब्ध करा रहे हैं।

मुख्यमंत्री जी ने सिंगापुर को एक विश्वस्तरीय आर्थिक एवं तकनीकी साझेदार बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार औद्योगिक निवेश, शहरी विकास, लॉजिस्टिक्स, स्किल डेवलपमेण्ट तथा पर्यटन के क्षेत्रों में सिंगापुर के साथ दीर्घकालिक और परिणामोन्मुखी सहयोग के लिए तत्पर है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सिंगापुर के प्रतिनिधिमण्डल का आगामी दौरा दोनों पक्षों के बीच निवेश एवं साझेदारी के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि सिंगापुर की तकनीकी दक्षता और उत्तर प्रदेश की विशाल सम्भावनाओं का समन्वय दोनों पक्षों के लिए पारस्परिक लाभ का मार्ग प्रशस्त करेगा और यह साझेदारी सतत् विकास, नवाचार एवं रोजगार सृजन के नए मानक स्थापित करेगी।

उच्चायुक्त ने इस वर्ष फरवरी माह में मुख्यमंत्री जी की सिंगापुर यात्रा को अत्यन्त सफल बताते हुए कहा कि इस दौरे ने न केवल सिंगापुर, बल्कि आस–पास के देशों के औद्योगिक जगत में भी उत्तर प्रदेश के प्रति सकारात्मक और भरोसेमन्द संदेश दिया है। औद्योगिक समुदाय उत्तर प्रदेश को एक नए अवसर और सम्भावनाओं के केन्द्र के रूप में देख रहा है, जो भारत–सिंगापुर सम्बन्धों को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उच्चायुक्त ने मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में विगत 09 वर्षों में प्रदेश में कानून–व्यवस्था, आधारभूत संरचना एवं औद्योगिक विकास के क्षेत्र में हुए व्यापक सुधारों की प्रशंसा की। उत्तर प्रदेश में कार्यरत सिंगापुर की कम्पनियों ने उत्तर प्रदेश के निवेश वातावरण को अनुकूल बताया है। यह कम्पनियाँ अपने निवेश के विस्तार की दिशा में सक्रिय रूप से योजनाएँ बना रही हैं।

सिंगापुर के उच्चायुक्त ने अवगत कराया कि आगामी महीनों में सिंगापुर के औद्योगिक जगत का एक बड़ा प्रतिनिधिमण्डल उत्तर प्रदेश का दौरा करेगा, जो राज्य में निवेश के विविध अवसरों का अवलोकन करते हुए बड़े निवेश प्रस्तावों को मूर्त रूप देने की दिशा में आगे बढ़ेगा। सिंगापुर द्वारा प्रदेश के युवाओं के कौशल विकास (स्किलिंग) के क्षेत्र में सहयोग की सम्भावनाओं पर भी कार्य किया जा रहा है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

सांस्कृतिक सहयोग के सन्दर्भ में दोनों पक्षों ने कुशीनगर, सारनाथ जैसे बौद्ध पर्यटन स्थलों की अपार सम्भावनाओं का उल्लेख करते हुए पर्यटन क्षेत्र में सम्भावनाओं को आकार देने पर सहमति व्यक्त की। इससे प्रदेश में अन्तरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की सम्भावना है। बैठक में यह भी रेखांकित किया गया कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा के साथ–साथ झाँसी, वाराणसी सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिससे उत्तर प्रदेश के संतुलित एवं समावेशी विकास को और गति मिलेगी।

———————

PN-CM-Meets-Singapore High Commissioner-02 April, 2026